ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 23 जून 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 82



## रेजीडेंट डॉक्टर की करंट से मौत मामले में मानवाधिकार आयोग सख्त, मेडिकल कॉलेज प्रशासन सहित 7 पक्षकारों को नोटिस




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग ने उदयपुर के रविन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज में पीजी रेजीडेंट डॉक्टर रवि शर्मा की वाटर कूलर में करंट लगने से हुई दर्दनाक मौत मामले में गंभीर रुख अपनाते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन सहित 7 जिम्मेदार पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी ने आदेश जारी कर कहा कि लाखों रुपये खर्च कर कड़ी मेहनत से डॉक्टरी की पढ़ाई कर रहे छात्र की इस प्रकार जान जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दायित्व है कि हॉस्टल में त्रुटिरहित विद्युत व्यवस्था और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करे। आयोग ने प्रथम और द्वितीय पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु के कारण में अंतर आने को भी बेहद गंभीर माना है। जस्टिस मूलचन्दानी ने कहा कि प्रथम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण कुछ और और दूसरी में अलग बताना, प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही से बचने का संकेत है। दोषियों पर राजस्थान मेडिकल काउंसिल से अनुशासनात्मक कार्रवाई और आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की अनुशंसा की गई है। आयोग ने प्राचार्य आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर, प्राचार्य एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर, जिला मजिस्ट्रेट उदयपुर, पुलिस अधीक्षक उदयपुर, रजिस्ट्रार राजस्थान मेडिकल काउंसिल जयपुर और दोनों पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सकीय दलों को नोटिस भेजकर 9 जुलाई 2025 तक समस्त तथ्यों और अब तक की कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। नोटिस ईमेल व पंजीकृत डाक से तत्काल भेजने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। आयोग ने कहा कि लापरवाही व दोष साबित होने पर संबंधित अधिकारी और चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

**डॉ. रवि शर्मा की असामायिक मृत्यु पर नर्सेज एसोसिएशन ने जताया शोक, निष्पक्ष जांच व मुआवजे की मांग**

उदयपुर। रविन्द्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के पीजी हॉस्टल में डॉक्टर रवि शर्मा की करंट लगने से हुई असामायिक मृत्यु के मामले में राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, उदयपुर (शहर) ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना की निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। एसोसिएशन की ओर से चिकित्सा विभाग, जयपुर को भेजे पत्र में कहा गया है कि इस दर्दनाक घटना ने प्रदेश के समस्त चिकित्सा समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद कॉलेज प्रशासन की असंवेदनशीलता और लापरवाही से मृतक चिकित्सक की मौत का वास्तविक कारण छुपाया गया और करंट लगने के स्थान पर अन्य कारण बताए गए, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। एसोसिएशन ने मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय विभागीय जांच करवाई जाए, ताकि मृतक डॉक्टर के परिजनों को न्याय मिल सके और चिकित्सा सेवा से जुड़े कर्मियों में भी विश्वास कायम रह सके। साथ ही डॉ. रवि शर्मा के परिवार को उचित मुआवजा और उनकी पत्नी को शीघ्र सरकारी सेवा में नियुक्ति देने की मांग की गई है। एसोसिएशन ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि वे इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और हर स्तर पर उनका समर्थन करेंगे। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन, उदयपुर (शहर) के जिलाध्यक्ष ने प्रशासन से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

## एअर इंडिया की जयपुर-दुबई फ्लाइट के कॉकपिट में खराबी:130 पैसेंजर्स थे, उड़ान रद्द; श्रीनगर जा रही फ्लाइट लैंड किए बिना दिल्ली लौटी




**24 न्यूज अपडेट**

एअर इंडिया और दूसरी एयरलाइंस की फ्लाइट्स में तकनीकी खामी आने और अन्य वजहों से कैंसिल होने का सिलसिला जारी है। सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की दो फ्लाइट और इंडिगो की एक फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। इनके अलावा, रविवार को एअर इंडिया की तीन फ्लाइट्स कैंसिल की गई थीं।

## अहमदाबाद प्लेन हादसा- 251 DNA मैच:245 शव परिजनों को सौंपे गए; विमान का मलबा शिफ्ट करते वक्त हादसा, प्लेन की टेल पेड़ में फंसी



**24 न्यूज अपडेट**

अहमदाबाद प्लेन हादसा में जान गंवाने वाले 251 मृतकों की डीएनए से पहचान हो चुकी है। 245 मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। यह जानकारी रविवार शाम अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने दी।

उन्होंने बताया कि 6 शव ऐसे परिवारों के हैं, जो ब्रिटेन के निवासी हैं। ये शव जल्द ही उनके परिवारों को सौंपे जाएंगे।

उधर, अहमदाबाद में विमान के मलबे को शिफ्ट करने के दौरान भी हादसा हो गया। ट्रक में ले रहा जा रहा प्लेन का पिछला हिस्सा एक पेड़ में फंस गया। इसके चलते शाहीबाग डफनाला से कैंप हनुमान मंदिर तक का रास्ता दो घंटे तक बंद करना पड़ा। पुलिस और फायर ब्रिगेड विभाग ने पेड़ की डालियां काटकर ट्रक को रवाना करवाया।

अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन जाने वाला विमान 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 समेत 270 लोगों की मौत हो गई थी। प्लेन में सवार एक व्यक्ति की जान बच गई है।

विमान दुर्घटना में न केवल उसमें सवार लोगों की मौत हुई, बल्कि अहमदाबाद मेडिकल कॉलेज के कुछ डॉक्टरों की भी जान चली गई, क्योंकि विमान मेडिकल कॉलेज के छात्रावास से टकराया था।

## पहलगाम हमले के बाद सुधर रहे हालात, पर्यटकों से फिर गुलजार हो रहा कश्मीर; CM ने शेयर की तस्वीरें



श्रीनगरः पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ठप हुआ कश्मीर का टूरिज्म अब धीरे-धीरे पर्यटकों से गुलजार होता दिख रहा है. इन सबके बीच रविवार शाम को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम यात्रा की अपनी कुछ तस्वीरें और अनुभव शेयर किया. उन्होंने कहा कि, कश्मीर का पर्यटन स्थल गतिविधियों से भरा हुआ है.

घाटी को फिर से सैलानियों से गुलजार करने के लिए वहां की सरकार और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग जुटे हुए हैं. सीएम ने कहा कि, पिछली बार जब वे पहलगाम गए थे, तो उन्होंने एक ऐसे बाजार से साइकिल चलाई थी जो लगभग सुनसान था. उन्होंने पहलगाम से वापसी करने के बाद वहां की स्थिति से लोगों को अवगत कराया. उन्होंने कहा कि, पहलगाम में उन्होंने कई सारी गतिविधियां

देखीं सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि, उन्होंने पहलगाम में देखा कि, देश के अलग-अलग हिस्सों से आए पर्यटक स्थानीय पिकनिक मनाने वालों के साथ जगह पाने के लिए रेस में नजर आ रहे थे. उन्होंने एक्स पोस्ट किया, कहा, यहां की ठंडी जलवायु और बारिश के मौसम का लोग आनंद ले रहे हैं.

घाटी में एक ठंडा डेस्टिनेशन प्वाइंट पहलगाम, आमतौर पर रविवार को घरेलू पर्यटकों की भारी भीड़ होती है. रविवार की भीड़ 22 अप्रैल को बैसरन घास के मैदान में हुए घातक आतंकी हमले के बाद दो महीने तक सुनसान रहने के बाद आई थी. बता दें कि, पहलगाम आतंकी हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय टट्टू संचालक मारे गए थे.

इस आतंकी हमले के बाद सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर 48 पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया था. पिछले हफ्ते, जम्मू और कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा प्रशासन ने पहलगाम के अरु और बेताब पार्कों को पर्यटकों के लिए खोल दिया, जिससे पर्यटकों की गतिविधि को फिर से शुरू करने में मदद मिली. पहलगाम के अलावा, गुलमर्ग और सोनमर्ग ही पर्यटकों के लिए खुल गए हैं

पहलगाम हमले के बाद श्रीनगर में लोकप्रिय पर्यटन स्थल डल झील वीरान हो गई थी. इसकी लंबी बुलेवार्ड सड़क पर सुरक्षा बलों ने घेरा बना रखा था और झील के अंदर शिकारे उनके मालिकों ने बंद कर दिए थे. हालांकि, अब फिर से चहल-पहल लौट आई है क्योंकि स्थानीय विजिटर्स और पर्यटक दिन भर की गर्मी से बचने के लिए शामें यहां बिता रहे हैं.

## 4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव:गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में AAP जीती; बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत




**24 न्यूज अपडेट**

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर AAP के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में UDF उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने CPIM के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट AAP के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे।

पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर TMC प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी।

वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने X पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

**केजरीवाल बोले- मैं राज्यसभा नहीं जा रहा**

लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे भेजा जाना है यह फैसला AAP की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (PAC) लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।

## उदयपुर में प्राध्यापक व कोच प्रतियोगी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 66 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 23 जून। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक एवं कोच प्रतियोगी परीक्षा-2025 की शुरुआत सोमवार को उदयपुर जिले में माकूल व्यवस्थाओं और शांतिपूर्ण वातावरण में हुई। जिले में पहले दिन दोनों पारियों में 66 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि प्रथम पारी में 81 परीक्षा केंद्रों पर ग्रुप ए सामान्य ज्ञान का पेपर आयोजित हुआ, जिसमें 25783 में से 17133 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। वहीं, 8650 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पारी में हिन्दी विषय की परीक्षा 39 केंद्रों पर आयोजित हुई, जिसमें 11474 में से 7675 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 3799 अनुपस्थित रहे।

**युजीसी नेट के चलते संशोधित हुई तिथियां**

परीक्षा तिथियों के यूजीसी नेट परीक्षा से टकराव के कारण राजस्थान लोक सेवा आयोग ने संस्कृत, राजनीति विज्ञान और समाज शास्त्र विषयों की तिथियों में संशोधन किया है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि 25 जून को प्रस्तावित ग्रुप ए का संस्कृत द्वितीय प्रश्न पत्र अब 5 जुलाई को प्रथम पारी में होगा। 26 जून को ग्रुप बी का राजनीति विज्ञान सामान्य ज्ञान का पेपर अब 6 जुलाई को प्रथम पारी में और द्वितीय प्रश्न पत्र उसी दिन द्वितीय पारी में आयोजित होगा। 29 जून को प्रस्तावित समाज शास्त्र द्वितीय प्रश्न पत्र 5 जुलाई की द्वितीय पारी में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल राजनीति विज्ञान के अभ्यर्थियों के लिए सामान्य ज्ञान का पेपर स्थगित किया गया है, बाकी विषयों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही आयोजित होंगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, शिक्षा विभाग और अन्य सम्बंधित विभागों ने समन्वित व्यवस्थाएं कीं।

## पेट्रोल 120 लीटर तक पहुंच सकता है:वजह- तेल सप्लाई का सबसे बड़ा रास्ता बंद कर सकता है ईरान; क्रूड ऑयल 80 डॉलर हुआ



**24 न्यूज अपडेट**

ईरान की संसद ने हाल ही में अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का प्रस्ताव पास किया है। अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होता है तो इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम पर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये तेल व्यापार का अहम रास्ता है।

इस खबर के सामने आने के बाद क्रूड ऑयल के दाम बढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गए हैं। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इम्पोर्ट करता है। अगर क्रूड ऑयल के दाम लंबे समय तक बढ़े रहते हैं, तो तेल कंपनियों को पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं।

**पेट्रोल-डीजल महंगा:** तेल महंगा होने से पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। माना जा रहा है कि पेट्रोल 120 रुपए प्रति लीटर या उससे ज्यादा हो सकता है।

**महंगाई का बढ़ना:** पेट्रोल-डीजल महंगा होने से ट्रांसपोर्ट का खर्च बढ़ेगा, जिससे खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और दूसरी जरूरी चीजें भी महंगी हो जाएंगी।

## सोना 657 बढ़कर 99,348 पर पहुंचा:चांदी 1 लाख 7 हजार किलो बिक रही, गोल्ड इस साल 1 लाख 3 हजार तक जा सकता है



**24 न्यूज अपडेट**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 23 जून को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 657 बढ़कर 99,348 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 98,691 पर था।

वहीं चांदी की कीमत 288 बढ़कर 1,07,063 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,06,775 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,840 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,450

मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,690 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300

कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,690 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300

चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,690 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300

भोपालः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,740 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,350

## सेंसेक्स 511 अंक गिरकर 81,897 पर बंद:निफ्टी भी 141 अंक लुढ़का; NSE ऑटो-IT में गिरावट और मीडिया में 4.4% की तेजी रही




**24 न्यूज अपडेट**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 23 जून को सेंसेक्स 511 अंक गिरकर 81,897 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 141 अंक की गिरावट रही, ये 24,972 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 9 में तेजी और 21 में गिरावट रही। HCL टेक, इंफोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर्स 2.3% तक गिरे। ट्रेंट और BEL में 3.4% की तेजी रही।

निफ्टी के 50 में से 35 शेयर्स गिरकर बंद हुए। NSE के IT इंडेक्स में 1.48%, ऑटो में 0.92% और FMCG में 0.74% की गिरावट रही। मीडिया में 4.39% की तेजी रही। मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स भी चढ़कर बंद हुए।

## संपादकीय : सख्ती और सवाल

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद स्वाभाविक से विमानन नियमक संस्था और खुद एअर इंडिया सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर सख्ती बरतती देखी जाने लगी हैं। इसी क्रम में नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने एअर इंडिया के कुछ विमानों में उड़ान नियमों के उल्लंघन का मामला चिह्नित किया है। उसने विमानन कंपनी के तीन बड़े अधिकारियों के खिलाफ आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा है। जांच में पाया गया कि एअर इंडिया के दो विमानों ने लंदन के लिए उड़ान भरते समय निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन किया। इस पर एअर इंडिया ने कहा है कि वह सभी नियमों का सख्ती से पालन करने को प्रतिबद्ध है । पर सवाल है कि अहमदाबाद विमान हादसा हो जाने के बाद ही क्यों डीजीसीए और एअर इंडिया को नियमों के पालन, विमानों की नियमित जांच और सुरक्षा मानकों की सुध आई है। इन्हें लेकर पहले ही गंभीरता क्यों नहीं बरती गई। हालांकि डीजीसीए लगातार विमानन कंपनियों के प्रबंधन, विमानों के संचालन, उनमें सुरक्षा संसाधनों, चालकों की कुशलता और प्रवीणता आदि पर नजर बनाए रखता है। कई बार कंपनियों के विमान चालकों को उनकी कुशलता आदि के आधार पर हटा चुका है। कुछ विमानों को भी उड़ान भरने से रोका है। फिर भी उड़ान संबंधी नियमों का समुचित पालन नहीं हो पा रहा, तो यह चिंता की बात है । अहमदाबाद हादसे के बाद एअर इंडिया के कई विमानों में तकनीकी खराबी की शिकायतें सामने आई। कई विमानों को उड़ान भरने से रोक दिया गया या उड़ान भरने के बाद वापस लौटा लिया गया। इससे यह तो जाहिर है कि एअर इंडिया खुद भी उचित सावधानी बरत रहा है। इसके बावजूद अगर उसकी उड़ानों में प्रबंधन संबंधी कुछ दिक्कतें दिखाई दे रही हैं, तो उसकी वजहें समझी जा सकती हैं। छिपी बात नहीं है कि एअर इंडिया पिछले करीब बीस वर्षों तक अपने प्रबंधन संबंधी शिथिल रवैए का आरोप झेलता रहा। यह सरकारी कंपनी थी और इसका सही ढंग से संचालन न हो पाने के कारण लगातार घाटे में चल रही थी । इसकी वजह से इसे बेचने का फैसला करना पड़ा। जब टाटा समूह ने एअर इंडिया को खरीदा, तो उसने करार करके कहा कि वह इसमें काम करने वाले कर्मचारियों को अगले 'कुछ 'वर्षों तक बाहर नहीं निकालेगा। इस तरह एअर इंडिया को नई कंपनी मिलने के बावजूद उसके संचालन का पुराना ढंग-ढर्रा विरासत में मिला था। कहना न होगा कि अभी तक एअर इंडिया उससे मुक्त नहीं हो पाई है। सरकारी नियंत्रण वाली एअर इंडिया के विमानों के देरी से उड़ान भरने और गंतव्य तक पहुंचने, यात्री सुविधाओं का ध्यान न दिए जाने की शिकायतें आम थीं। अगर विदेश के लिए उड़ान भरने वाले उसके विमानों में तय समय सीमा का ध्यान नहीं रखा गया, तो यह पुरानी आदतों की वजह से भी हुआ होगा। जो हो, हवाई जहाजों में मामूली लापरवाही भी सैकड़ों लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ साबित हो सकती है। एअर इंडिया के पास निस्संदेह अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित विमान हैं, पर उनके संचालन में सतर्कता और प्रवीणता न दिखाई जाए, तो खतरे खत्म कभी न होंगे। अच्छी बात है कि कंपनी खुद अपनी साख बरकरार रखने और यात्री सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए इसके प्रबंधन की कमजोर कड़ियों को दुरुस्त कर रही है। डीजीसीए से भी अपेक्षा की जाती है कि जैसी सतर्कता वह अभी दिखा रहा है, उसे सदा बरकरार रखेगा।

## जोखिम में बचपन

बच्चों के खिलाफ हिंसा न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी उन्हें चोट पहुंचाती है। बाद में उनके वयस्क जीवन में भी इसके प्रतिकूल परिणाम देखने को मिलते हैं। कानूनन सभी बच्चों को हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रहने का अधिकार है। मगर, दुनिया भर में तमाम सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और विभिन्न धर्मों व समुदायों के लाखों बच्चे हर दिन हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र की एक नई रफ्ट ने चिंता बढ़ा दी है, जिसमें कहा गया है कि पिछले वर्ष दुनिया भर में संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा व अन्य अपराध अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गए। वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में बच्चों और किशोरों के खिलाफ हिंसा के मामलों में पच्चीस फीसद बढ़ोतरी हुई है। संयुक्त राष्ट्र की इस रपट को इसलिए भी गंभीरता से लेने की जरूरत है, क्योंकि बच्चों के खिलाफ अपराध कम होने के बजाय साल-दर-साल बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने संघर्षरत राष्ट्रों में बच्चों के खिलाफ 41,370 आपराधिक मामलों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 मामले वर्ष 2024 में सामने आए हैं और 5,149 मामले पहले के थे, जिन्हें पिछले साल सत्यापित किया गया। इसके अलावा 'द लैंसेट जर्नल' की एक हालिया रपट के मुताबिक, 1990 से 2023 के बीच दुनिया के 200 से ज्यादा देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के मामले बढ़े हैं। इसमें गौर करने वाली बात यह भी है कि सामान्य मामलों में बहुत से लोग पुलिस के पास अपने बच्चों के खिलाफ हिंसा, शोषण और दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाते हैं। जाहिर है कि वास्तविक मामलों की संख्या सत्यापित आंकड़ों से कहीं ज्यादा हो सकती है। दअरसल, सरकारों, नीति निर्माताओं और यूनिसेफ जैसे संगठनों पर बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने की जिम्मेदारी है और उन्हें अपने प्रयासों का गंभीरता से आकलन करना होगा। इसके अलावा धार्मिक और सामाजिक संगठनों से भी सहयोग की उम्मीद की जाती है। बच्चों में व्यक्तिगत सुरक्षा को बढ़ावा देना, बाल संरक्षण नीतियों को कड़ाई से लागू करना और अभिभावकों को जागरूक करने पर भी प्रमुखता से ध्यान देने की जरूरत है।

# सुभाष चौक मुख्य मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाया गया, नॉन-वेंडिंग ज़ोन घोषित



**24 न्यूज़ अपडेट**

चित्तौड़गढ़, 23 जून। जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशन में नगर परिषद प्रशासन द्वारा सोमवार को सुभाष चौक मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रभावी रूप से की गई। इस दौरान क्षेत्र को "नॉन-वेंडिंग ज़ोन" घोषित करते हुए अवैध रूप से लगे ठेले, केबिन एवं अन्य सामग्री को हटाया गया एवं जप्त किया गया। प्रशासक एवं एडीएम रावतभाटा श्री विनोद मल्होत्रा ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार वे स्वयं नगर परिषद के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के साथ मौके पर मौजूद रहे। प्रारंभ में व्यापारियों एवं ठेला चालकों को समझाइश दी गई एवं उनके समक्ष ही क्षेत्र को नॉन-वेंडिंग ज़ोन घोषित करते हुए लिखित आदेश भी प्रदर्शित किया गया। इसके बाद अतिक्रमण निरोधक दल द्वारा समस्त अवैध ठेले एवं केबिन हटाए गए तथा मुख्य मार्ग को व्यवस्थित किया गया। इस दौरान अवैध रूप से पड़ी सामग्री को जप्त किया गया। नगर परिषद द्वारा हटाए गए समस्त ठेला चालकों को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने हेतु एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता आयुक्त करेंगे। यह समिति सभी प्रभावितों को सब्जी मंडी के प्रथम तल पर उचित रूप से स्थानांतरित करेगी। प्रशासक मल्होत्रा ने बताया कि भविष्य में इस क्षेत्र में यदि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति पर 1000 का जुर्माना लगाया जाएगा एवं सामग्री जप्त कर ली जाएगी।

इस कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारी रमेश चावला सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस ट्रैफिक इंचार्ज मोतीराम की टीम भी मौजूद रही।

# उदयपुर में हाईवे पर अवैध मादक पदार्थों की बिकी पर संयुक्त पुलिस कार्रवाई, 5 किलो गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में उदयपुर जिले में हाईवे पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिकी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) और थाना सविना पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संयुक्त कार्रवाई का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर श्री उमेश ओझा के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक (प्रभारी डीएसटी) श्याम सिंह रत्नू तथा थानाधिकारी थाना सविना अजय सिंह ने किया। पुलिस ने बताया कि 22 जून को दो अलग-अलग जगहों पर गश्त के दौरान कार्रवाई कर करीब 5 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया। पहले प्रकरण में आरोपी सद्दाम खान पुत्र ईस्तियाक निवासी वर्मा कॉलोनी, थाना सविना, उदयपुर के कब्जे से 3.42 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। वहीं, दूसरे मामले में आरोपी सोहनलाल उर्फ कालु पुत्र मोहनलाल निवासी नया घर, गोवर्धनविलास, उदयपुर के कब्जे से 1.211 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। दोनों मामलों में थाना सविना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों से मादक पदार्थ तस्करी के नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में सम्मिलित पुलिस टीम : जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) : श्री श्याम सिंह रत्नू, पुलिस निरीक्षक (टीम प्रभारी) श्री विक्रम सिंह, सहायक उप निरीक्षक श्री जगदीश, हैड कांस्टेबल श्री योगेश, हैड कांस्टेबल श्री गणेश, हैड कांस्टेबल श्री करतार, हैड कांस्टेबल श्री हितेन्द्र, हैड कांस्टेबल श्री भंवरलाल, हैड कांस्टेबल श्री जितेन्द्र, कांस्टेबल श्री सुमेर, कांस्टेबल श्री शक्ति सिंह, कांस्टेबल श्री सुमित, कांस्टेबल

**श्री चन्द्र कुमार, कांस्टेबल थाना सविना पुलिस टीम** : श्री अजय सिंह, थानाधिकारी श्री लादुराम, उप निरीक्षक श्री विक्रम सिंह, कांस्टेबल श्री आनंद, कांस्टेबल श्री लोकेन्द्र सिंह, कांस्टेबल श्री सतपाल सिंह, कांस्टेबल श्री छगनलाल, कांस्टेबल श्री मनोज, कांस्टेबल पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई का क्रम जारी रहेगा और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी को किया गिरफ्तार



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 23 जून। थाना सविना पुलिस ने एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के गंभीर प्रकरण में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद मृतका के पति की रिपोर्ट पर थाना सविना में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने थाना सविना में रिपोर्ट दी कि दिनांक 19 जून 2025 को उसकी पत्नी ने अपने निवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के संबंध में प्रार्थी के पुत्र ने बताया कि घटना के दिन सुबह करीब 6 बजे एक सिल्वर अल्टो कार में शक्ति सिंह पिता मनोहर सिंह निवासी अखेपुर, जिला सलूम्बर आया और मकान के पास आकर गाड़ी का हॉर्न बजाने लगा। इसी दौरान उसने मृतका को फोन कर मिलने के लिए बुलाया। पत्नी द्वारा मना करने पर आरोपी ने उसे धमकाया और वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकियां दी। आरोपी शक्ति सिंह द्वारा लंबे समय से पीछा करने और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर श्री योगेश गोयल ने आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर श्री उमेश ओझा और वृताधिकारी नगर पूर्व श्री छगन पुरोहित के सुपरविजन में थानाधिकारी सविना श्री अजय सिंह राव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने प्रभावी आसूचना संकलन व परंपरागत पुलिसिंग के जरिए आरोपी का सुराग लगाकर उसे दस्तयाब कर लिया। पूछताछ के बाद अभियुक्त शक्ति सिंह उर्फ शक्तिपाल सिंह पिता मनोहर सिंह निवासी अखेपुर, थाना झल्लारा, जिला सलूम्बर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि इस प्रकार के संवेदनशील मामलों में शीघ्र और सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि समाज में अपराधियों में भय बना रहे और पीड़ितों को न्याय मिले। तरीका वारदात : पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शक्तिपाल सिंह मृतका को वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकियां देता था तथा पीछा कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। इसी दबाव और भय के चलते महिला ने यह कदम उठाया। प्रकरण संख्या 263/2025 धारा 108 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दर्ज कर अनुसंधान जारी है। कार्रवाई में सम्मिलित पुलिस टीम : श्री अजय सिंह राव, थानाधिकारी, सविना श्री लादूराम, उप निरीक्षक श्री छगनलाल, कांस्टेबल श्री विक्रम सिंह, कांस्टेबल श्री शिवलाल, कांस्टेबल

# कल्ला जी बावजी का विष्णु स्वरूप में भव्य श्रृंगार, रथ यात्रा की झांकी ने किया भावविभोर



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। सेक्टर 14 स्थित श्री काली कल्याण धाम में रविवार को एक विशेष आध्यात्मिक आयोजन के तहत कल्ला जी बावजी को भगवान विष्णु स्वरूप में विशेष आंगी धराई गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में आगामी 27 जून को होने वाली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की तर्ज पर एक अत्यंत आकर्षक व भावनात्मक झांकी सजाई गई। झांकी में कल्ला जी बावजी को स्वयं रथ खींचते हुए दर्शाया गया, जैसे वे नगर भ्रमण पर निकले हों। रथ के साथ सजे भक्त, संगीत, और आरती की लहरियों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मंदिर परिसर में उमड़े श्रद्धालु इस दिव्य दर्शन से भावविभोर हो उठे और कईयों की आंखें नम हो गईं। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह दृश्य केवल झांकी नहीं, बल्कि प्रभु की उपस्थिति का अनुभव था। मंदिर समिति ने झांकी की भव्यता के लिए महीनों से तैयारियां की थीं।

इस विशेष आयोजन के माध्यम से कल्ला जी बावजी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और भगवान विष्णु के स्वरूप में उनका दर्शन, भक्तों के लिए आध्यात्मिक अनुभूति का केंद्र बन गया।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान समारोह सम्पन्न



**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर, 23 जून। जिला ओलंपिक संघ उदयपुर के तत्वावधान में सोमवार को कजरी होटल, आरटीडीसी में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर उदयपुर के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का भव्य खेल सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि इस अवसर पर खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह, उपरणा व नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सचिव दिनेश श्रीमाली, कांग्रेस जिला अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, अंबेडकर मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह दिगपाल, खेल अधिकारी महेश पालीवाल, अधिवक्ता राम प्रकाश शर्मा और प्रवीण कोठारी ने शिरकत कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिला ओलंपिक संघ के सचिव जालमचंद जैन ने बताया कि सम्मानित खिलाड़ियों में एथलेटिक्स से मुकेश कुमारी कयाकिंग व केनोइंग से तनिष्क पटवा, हर्षवर्धन सिंह शेखावत, शगुन कुमावत पावरलिफ्टिंग से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव साहू, नीलम डांगी कबड्डी से अभिषेक धाभाई, हंसराज गुर्जर बॉक्सिंग से आमिल अली, नमन शर्मा तीरंदाजी से ओनिस सेन शूटिंग से पलक गुर्जर बास्केटबॉल से अंशुमन शेखावत, युवाक्षी मेहता, मेघा श्री शेखावत हैंडबॉल से उन्नति चौहान जिमनास्टिक से कृष्णा मीणा, लवीना कँवर गहलोत फुटबॉल से पलाश बारबार शतरंज से कियाना परिहार, वृषांक चौहान, अरुण कटारिया जूडो से सोनाक्षी पंडित, मधुर पुरबिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग से पीयूष सुथार स्केटिंग से जगत प्रताप सिंह गहलोत, सिद्धि अरोड़ा वुशु से विनय राज सिंह किक बॉक्सिंग से बुशरा खानम तथा महाराणा प्रताप पुरस्कार विजेता माला सुखवाल का सम्मान किया गया। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि उदयपुर में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और वे खेल विकास के लिए हरसंभव सहयोग देंगे। उन्होंने खेल नीति व खेल अधोसंरचना से जुड़े विषयों पर शीघ्र ही खेल संघों के साथ बैठक आयोजित करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन गिरधारी सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सत्यनारायण मगरौरा, अजय सिंह बहल, बलवीर सिंह, भारत सिंह, डॉ. भूपेंद्र सिंह, दिलीप सिंह चौहान, विजेंद्र सिंह चुण्डावत, विपिन मारवाड़ी, बॉक्सिंग कोच नरपत सिंह, कमलेश शर्मा, चंद्रेश सोनी सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी व गणमान्यजन मौजूद रहे। जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि भविष्य में यह खेल सम्मान समारोह और भी भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा ताकि उदयपुर की खेल प्रतिभाओं का हौसला और प्रोत्साहन बढ़ाया जा सके।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का होगा सम्मान

**24 न्यूज़ अपडेट**

उदयपुर। जिला ओलंपिक संघ उदयपुर के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर सोमवार, 23 जून को उदयपुर के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों का भव्य खेल सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला ओलंपिक संघ उदयपुर के अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम शास्त्री सर्कल स्थित कजरी होटल (आरटीडीसी) में दोपहर 3:30 बजे प्रारंभ होगा। इस अवसर पर उदयपुर के समस्त खेल संघों का भी विशेष रूप से सम्मान किया जाएगा। खेल सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत होंगे। अध्यक्षता भाजपा सहकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सचिव दिनेश श्रीमाली शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल भाजपा अंबेडकर मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह दिगपाल समाजसेवी सुरेंद्र सिंह खनूजा अधिवक्ता प्रवीण कोठारी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित सिंह सिसोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**खेल विकास पर होगा संवाद**

जिला ओलंपिक संघ उदयपुर के सचिव जालमचंद जैन ने बताया कि समारोह के दौरान उदयपुर में खेलों के विकास व खिलाड़ियों की समस्याओं को लेकर सभी खेल संघों एवं खिलाड़ियों से विचार-विमर्श किया जाएगा। उनके सुझाव आमंत्रित कर भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी।

# भीलवाड़ा में महिला के गले से डेढ़ तोला सोने की चेन झपट कर फरार हुए बाइक सवार




**24 न्यूज़ अपडेट**

भीलवाड़ा। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में रविवार रात स्कूटी सवार दंपती को चेन स्नैचिंग का शिकार होना पड़ा। बाइक पर सवार दो बदमाश एक महिला के गले से डेढ़ तोला सोने की चेन झपट कर फरार हो गए। वारदात के बाद दंपती के शोर मचाने पर मौके पर लोग जमा हुए, लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। पुलिस के अनुसार, आजाद नगर निवासी सुभाष जैन अपनी पत्नी आशा जैन के साथ रविवार रात स्कूटी से शास्त्री नगर स्थित परिचित से मिलकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान घर से कुछ दूरी पहले आजाद नगर की मुख्य सड़क पर बाइक सवार दो युवक उनकी स्कूटी के पास आए और पीछे बैठी महिला के गले में पहनी सोने की चेन झपट कर तेजी से भाग निकले। दंपती ने शोर मचाया, आसपास के लोग भी इकट्ठा हुए, मगर आरोपी तेजी से भाग गए। महिला ने बताया कि झपटी गई चेन का वजन करीब डेढ़ तोला था। सूचना पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला की रिपोर्ट दर्ज कर ली। वारदात की सूचना के बाद शहर के कई स्थानों पर नाकाबंदी कराई गई और आरोपियों की तलाश शुरू की गई है। पुलिस ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही आरोपियों के हुलिए के आधार पर भी तलाश की जा रही है।

# जसोल पुलिस की "ऑपरेशन अखरोट" में बड़ी कार्रवाई - अवैध बजरी खनन में तीन गिरफ्तार, डम्पर व दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त








24 न्यूज अपडेट

बालोतरा, 23 जून। अवैध बजरी खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे "ऑपरेशन अखरोट" के तहत थाना जसोल पुलिस ने सरहद पुराना बोरावास और सरहद कनाना क्षेत्र में लूणी नदी के बहाव क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक डम्पर और दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी जब्त की हैं। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस, जोधपुर रेंज श्री विकास कुमार आईपीएस के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक बालोतरा श्री अमित जैन आईपीएस के नेतृत्व में की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गोपालसिंह भाटी आरपीएस एवं वृताधिकारी श्री सुशील मान आरपीएस के सुपरविजन में थानाधिकारी जसोल श्री चन्द्रसिंह उनि. के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई दो अलग-अलग मौकों पर अंजाम दी।

**पहली कार्रवाई-** रात्रिकालीन गश्त के दौरान पुलिस टीम जब सरहद पुराना बोरावास स्थित भीलों की बस्ती तिराहे के पास पहुंची, तो एक डम्पर (नंबर RJ 15 GA 6638) अवैध बजरी से भरा हुआ खड़ा मिला। पूछताछ में चालक की पहचान इस्माइल पुत्र साकर खां मिरासी, उम्र 42 वर्ष, निवासी हबूर, पुनमनगर, थाना रामगढ़, जिला जैसलमेर के रूप में हुई। पुलिस ने डम्पर को जब्त कर चालक को मौके पर ही गिरफ्तार कर धारा 303 (2) बीएनएस, 2023 एवं 4/21 एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी से पूछताछ के बाद उसे अदालत में पेश किया गया।

**दूसरी कार्रवाई-** 22 जून को सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने सरहद कनाना क्षेत्र में दबिश दी। यहां दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को अवैध बजरी से भरा पाया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर एक चालक रमेश कुमार पुत्र राणाराम घांची, उम्र 31 वर्ष, निवासी कनाना, थाना जसोल, जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में भी धारा 303 (2) बीएनएस, 2023 एवं 4/21 एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गहन पूछताछ की गई।

## तीसरी कार्रवाई - वाहन मालिक की गिरफ्तारी

वहीं इस प्रकरण में वांछित चल रहे डम्पर के मालिक अभास खां पुत्र मठार खां, मुसलमान, उम्र 24 वर्ष, पेशा मजदूरी, निवासी खुईयाला, थाना रामगढ़, जिला जैसलमेर को पुलिस ने परंपरागत पुलिसिंग व आसूचना तंत्र के माध्यम से लोकेट कर दस्तयाब किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से गहन पूछताछ की गई और उसे भी अदालत में पेश किया गया।

## गिरफ्तार आरोपी

इस्माइल पुत्र साकर खां, उम्र 42 वर्ष, निवासी हबूर, पुनमनगर, थाना रामगढ़, जिला जैसलमेर।
रमेश कुमार पुत्र राणाराम, उम्र 31 वर्ष निवासी कनाना, थाना जसोल, जिला बालोतरा।
अभास खां पुत्र मठार खां, उम्र 24 वर्ष, निवासी खुईयाला, थाना रामगढ़, जिला जैसलमेर।

## पुलिस टीम में शामिल अधिकारी

श्री जैसाराम, हैड कांस्टेबल 353 थाना जसोल
श्री रामाराम, हैड कांस्टेबल 788 थाना जसोल
श्री जैसाराम, हैड कांस्टेबल 90 थाना जसोल
श्री मांगीलाल, कांस्टेबल 1521 थाना जसोल
श्री ओमप्रकाश, कांस्टेबल 1701 थाना जसोल
श्री मोहनसिंह, चार्ज कांस्टेबल 1346 थाना जसोल

# पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट परिसर में भीषण आग, लेडीज बार रूम और रूम नंबर 4 जलकर खाक



24 न्यूज अपडेट

चंडीगढ़। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट परिसर में सोमवार तड़के भीषण आग लग गई। इस हादसे में महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित लेडीज बार रूम और रूम नंबर 4 पूरी तरह जलकर खाक हो गए। आग इतनी तेज थी कि मुख्य बार रूम का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष सरतेज सिंह नरूला ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 4:45 बजे फोन पर सूचना मिली, जिसके बाद वे तत्काल मौके पर पहुंचे। आग लेडीज बार रूम में लगी थी और लपटें तेजी से फैल रही थीं। दमकल विभाग ने सुबह 5:15 बजे तक आग पर काबू पा लिया। नरूला ने बताया कि यदि समय पर आग नहीं बुझाई जाती तो मुख्य बार रूम और न्यायिक दस्तावेजों को भी भारी नुकसान हो सकता था। बार एसोसिएशन की ओर से जारी बयान में बताया गया कि इस हादसे में लगभग 35 लाख रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए वित्तीय सहयोग की अपील की गई है। दान राशि बार एसोसिएशन के अकाउंट्स ऑफिस में जमा करवाई जा सकती है। आग लगने के संभावित कारणों में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई गई है। फिलहाल प्रशासन ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा व्यवस्था की भी नए सिरे से समीक्षा की जा रही है। गौरतलब है कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का वर्तमान स्वरूप वर्ष 1966 में अस्तित्व में आया था, जिसका डिजाइन प्रसिद्ध वास्तुकार ली कोर्बुसिए ने तैयार किया था। अधिकारियों ने बताया कि दमकलकर्मियों की तत्परता के चलते हाईकोर्ट की ऐतिहासिक इमारत को बड़ा नुकसान होने से बचा लिया गया।

# पहलगाम हमले के एक आतंकी की पहचान, NIA रिमांड पर लिए गए दो आरोपियों ने किया खुलासा



24 न्यूज अपडेट

श्रीनगर। पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। हमले में शामिल तीन आतंकियों में से एक की पहचान सुलेमान शाह के रूप में हुई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की हिरासत में आए दो स्थानीय आरोपियों ने पूछताछ में यह जानकारी दी है। NIA सूत्रों के अनुसार, सुलेमान शाह उसी आतंकी नेटवर्क का हिस्सा था, जिसमें हाशिम मूसा, तल्हा भाई और जुनैद जैसे आतंकी शामिल थे। गौरतलब है कि जुनैद पिछले वर्ष सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारा जा चुका है। बताया गया कि जुनैद के मोबाइल फोन से मिले फोटो में सुलेमान शाह की तस्वीर भी थी, जिसे हमले के पीड़ित परिवारों ने पहचान लिया है। बाकी दो पाकिस्तानी आतंकियों के नामों का फिलहाल खुलासा नहीं किया गया है। NIA ने रविवार को दो स्थानीय आरोपियों परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि हमले से पहले उन्होंने तीनों आतंकियों को हिल पार्क इलाके की एक अस्थायी झोपड़ी में पनाह दी थी और उन्हें खाना और दूसरी सुविधाएं मुहैया कराई थीं। सोमवार को दोनों आरोपियों को जम्मू की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की NIA रिमांड पर भेज दिया गया। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, रिमांड के दौरान NIA की टीम आतंकियों के हाइडआउट और उनके भागने के संभावित रास्तों की तलाश कर सकती है। 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत ने लिया बदला 22 अप्रैल को हुए इस भीषण हमले में 26 लोगों की जान गई थी और 16 अन्य घायल हुए थे। आतंकियों ने इस हमले में धार्मिक पहचान के आधार पर पर्यटकों को निशाना बनाया था। भारत ने हमले के 14 दिन बाद 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और PoK में एयर स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे। इस ऑपरेशन में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद चीफ मौलाना मसूद अजहर के 10 परिजन और 4 सहयोगी भी मारे गए। ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने 24 मिसाइलें दागीं।

# ट्रेन में 35.45 लाख की चोरी का 48 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और लोकल क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। इंदौर-दौंड एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22944) के एसी कोच A-2 में सफर कर रही एक वरिष्ठ नागरिक महिला का हैंडबैग चोरी हो जाने की घटना में रेलवे सुरक्षा बल (RPF), सरकारी रेलवे पुलिस (GRP) और लोकल क्राइम ब्रांच (LCB) ने महज 48 घंटे के भीतर बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी का खुलासा कर दिया। चोरी गया 35.45 लाख का समस्त सामान बरामद कर लिया गया है। यह घटना 20 जून 2025 की है। इंदौर निवासी 73 वर्षीय वृद्धा, अपने पति के साथ धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इंदौर से लोनावला जा रही थीं। रात के भोजन उपरांत दोनों सो गए। वृद्धा ने हमेशा की तरह अपना कीमती हैंडबैग बगल में रखकर ही सोना पसंद किया। सुबह लगभग 7:30 बजे, जब ट्रेन लोनावला स्टेशन पहुंचने वाली थी, वृद्धा की नींद खुली तो पाया कि हैंडबैग गायब था। उस बैग में हीरे की चूड़ी, हीरे का हार, अंगूठियां, सोने की घड़ी, सोने की चेन और 50,000 नकद सहित कुल 40 लाख मूल्य का सामान था। घटना की जानकारी मिलते ही वृद्ध दंपत्ति अत्यंत दखी हो गए। महिला ने तत्काल रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल किया। इसके बाद GRP लोनावला में प्राथमिकी दर्ज की गई।

## तेज़ और सुनियोजित जांच अभियान

घटना की सूचना पर GRP, RPF और रेलवे प्रशासन ने त्वरित संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रेन के सभी स्टेशनों पर CCTV फुटेज खंगालने का निर्णय लिया। इंदौर से दौंड तक ट्रेन के मार्ग के इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा, खाचरौद, रतलाम, मेघनगर, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण, कर्जत, लोनावला, चिंचवड़, पुणे और दौंड स्टेशनों पर गहन जांच की गई। जांच के दौरान कल्याण स्टेशन पर एक संदिग्ध व्यक्ति को ट्रेन से उतरते हुए देखा गया, जो स्टेशन परिसर में संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था और पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहा था।

## चोर की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी

पूछताछ और ट्रैकिंग के बाद उसकी पहचान महेश अरुण घाग उर्फ़ विक्की (निवासी चेंबूर, मुंबई) के रूप में हुई। वह आदतन अपराधी था और घटना से पूर्व ही किसी अन्य मामले में जमानत पर रिहा हुआ था। पुलिस ने उसकी निगरानी कर उसके ठिकाने पर दबिश दी और चोरी गया हीरे-जेवर, नकदी और अन्य सामान पूरी तरह बरामद कर लिया। आरोपी को गिरफ़्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। यह कार्रवाई भारतीय रेल और महाराष्ट्र राज्य पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में तेज़ व संगठित कार्रवाई का प्रमाण है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने तथा किसी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना रेलवे स्टाफ या हेल्पलाइन नंबर 139 पर देने की अपील की है।

# सीकर में दिल दहला देने वाला हादसा : ढाई साल की बेटी सहित पति-पत्नी 24 घंटे तक मूंगफली के छिलकों के ढेर में दबे रहे, तीनों के शव मिले



24 न्यूज अपडेट

सीकर। जिले के अजीतगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक हादसे में ढाई साल की मासूम बच्ची सहित पति-पत्नी की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब शाहपुरा थाना क्षेत्र के चतरपुरा निवासी राजेंद्र गुर्जर (28) अपनी प्रेग्नेंट पत्नी अनू गुर्जर (22) और ढाई साल की बेटी अयांशी के साथ बाइक पर मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था। रास्ते में मूंगफली के छिलकों से भरा ट्रक उनकी बाइक पर पलट गया। तीनों करीब 24 घंटे तक छिलकों के ढेर में दबे रहे। परिजन और ग्रामीण सोमवार सुबह तीनों के शव मिलने पर आक्रोशित हो गए। शाहपुरा-अजीतगढ़ स्टेट हाईवे पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जाम लगा दिया। परिजन ने 50 लाख रुपए मुआवजे और परिवार के सदस्य को संविदा नौकरी देने की मांग की। हादसा रविवार सुबह करीब 8 बजे धाराजी घाटी के पास हुआ। राजेंद्र अपनी पत्नी और बेटी को लेकर अजीतगढ़ के जगदीश धाम मंदिर दर्शन के लिए निकला था। इसी दौरान मूंगफली के छिलकों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी बाइक पर पलट गया। परिजन लगातार कॉल कर रहे थे, लेकिन दोनों के मोबाइल स्विच ऑफ आ रहे थे। रात तक घर नहीं लौटने पर परिजन शाहपुरा थाने पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की तो आखिरी लोकेशन घटनास्थल के पास मिली। अजीतगढ़ थानाधिकारी मुकेश सेपट ने बताया कि रविवार को ट्रक के आगे का हिस्सा हटाया गया था। सोमवार सुबह जब छिलकों का ढेर हटाया गया तो नीचे तीनों के शव मिले। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्रामीणों ने शाहपुरा-अजीतगढ़ मार्ग पर जाम लगाकर मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग की। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से समझाइश की। पुलिस के अनुसार, राजेंद्र गुर्जर किसान था। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। मृतकों के पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया समझाइश के बाद शुरू की गई।

# भारतीय रेल को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम : जीआरपी प्रमुखों का छठा अखिल भारतीय सम्मेलन संपन्न




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। रेलवे को अपराध मुक्त और यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी के शीर्ष अधिकारियों का छठा अखिल भारतीय सम्मेलन विज्ञान भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में यात्री सुरक्षा, अपराध नियंत्रण की रणनीतियों और रेलवे पुलिसिंग के आधुनिकीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने देशभर के करोड़ों रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर बल दिया। उन्होंने 'नन्हे फरिश्ते', 'ऑपरेशन आहट' और 'मेरी सहेली' जैसी अभियानों की सराहना करते हुए इन्हें और प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताई। डीजी आरपीएफ मनोज यादव ने कहा कि उभरती चुनौतियों को देखते हुए रेलवे सुरक्षा ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते यात्री अपराधों पर नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्थाओं को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की जरूरत है। नई आपराधिक कानूनों और ई-एफआईआर व्यवस्था पर भी चर्चा सम्मेलन में नए आपराधिक कानूनों के तहत रेलवे सुरक्षा प्रणाली को दुरुस्त करने, जीरो एफआईआर के प्रबंधन और ई-एफआईआर सिस्टम को लागू करने पर भी विचार हुआ। चर्चा का अहम केंद्र 'रेल मदद पोर्टल' पर दर्ज शिकायतों और दर्ज मुकदमों के तुलनात्मक विश्लेषण पर रहा।

## मैनपॉवर और संरचना पर बनी समिति

सम्मेलन में जीआरपी की जनशक्ति और ढांचागत जरूरतों पर भी मंथन किया गया। देशभर में भौगोलिक परिस्थितियों और रेलवे परिचालन की जटिलताओं के अनुरूप मैनपावर के मानक निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक समिति गठित की गई है, जो समयबद्ध तरीके से बेंचमार्क तय करेगी। डीजी आरपीएफ मनोज यादव ने अपने समापन भाषण में कहा कि इस सम्मेलन ने रेलवे सुरक्षा को लेकर हमारी साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। मैनपावर की चुनौतियों, सुरक्षा प्रणालियों के आधुनिकीकरण और अपराध प्रतिक्रिया तंत्र को बेहतर बनाकर हम करोड़ों यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सम्मेलन का समापन भविष्य के रोडमैप के साथ हुआ। इसमें निर्णय लिया गया कि रेलवे सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाया जाएगा, हितधारकों के बीच समन्वय बेहतर किया जाएगा और यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।




# मकराना में अंतिम संस्कार, उदयपुर में आक्रोश की आग में जले प्रशासन के पुतले



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। आरएनटी मेडिकल कॉलेज के पीजी हॉस्टल में करंट लगने से डॉ. रवि शर्मा की मौत के मामले ने सबको हिला कर रख दिया है। जहां डाक्टरों से लेकर सभी संवेदनशील शहरवासी आहत हैं व कॉलेज प्रशासन पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं तो दूसरी तरफ राजनीतिक एप्रोच से पद और पैसों का पावर लेकर बैठे लोग अब भी ना सिर्फ पदों पर बने हुए हैं बल्कि हड़ताल का उन पर कोई असर नहीं हो रहा है। समझाश की नौटंकी करने वाले नेता भी अब गायब हो गए हैं। कुछ सामाजिक संगठनों को छोड़ कर विरोध का कोई समवेत स्वर नहीं नजर आ रहा है। मगर रेजिडेंट डटे हुए हैं, उनका संकल्प है कि चाहे जो हो जाए, डाक्टर रवि के परिवारजनों को न्याय दिलाना ही है। हादसे के पांचवें दिन भी रेजिडेंट डॉक्टर्स ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रखते हुए कॉलेज परिसर में शवयात्रा निकालकर पुतला दहन किया। कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ रेजिडेंट्स ने जमकर नारेबाजी की प्रशासन के प्रतीकात्मक शव की अंतिम यात्रा निकाली और उसे आग के हवाले कर अपना आक्रोश जताया। साफ साफ कहा कि यह हादसा नहीं हत्या है। हादसे में डॉ. रवि शर्मा की मौत के बाद लगातार पांच दिन से आरएनटी मेडिकल कॉलेज, एमबी हॉस्पिटल, जनाना अस्पताल, सुपर स्पेशियलिटी विंग, सेटेलाइट हॉस्पिटल और चांदपोल हॉस्पिटल सहित जिले भर के अस्पतालों की सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। हड़ताल के कारण मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है और कई जरूरी ऑपरेशन भी टाले जा चुके हैं। डॉ. शर्मा के परिवार ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कॉलेज प्रशासन, हॉस्पिटल और हॉस्टल के जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। मृतक के चाचा देवीकिशन शर्मा ने हाथीपोल थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए स्पष्ट रूप से कॉलेज प्रशासन की लापरवाही को हादसे का जिम्मेदार बताया। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत लापरवाही से मौत का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर में एक गंभीर खुलासा यह भी हुआ है कि वाटर कूलर में करंट आने की शिकायत रेजिडेंट्स द्वारा पहले भी कई बार की गई थी। रेजिडेंट डॉक्टर्स ने व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से हॉस्टल प्रशासन, कॉलेज प्रबंधन और अस्पताल प्रशासन को इस खामी की जानकारी दी थी, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। न तो वाटर कूलर की मरम्मत कराई गई और न ही वहां चेतावनी बोर्ड लगाया गया। इसी लापरवाही के कारण आखिरकार डॉ. रवि शर्मा की जान चली गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद जैसे ही रेजिडेंट्स ने विरोध शुरू किया, प्रशासन की ओर से लीपापोती की कोशिशें शुरू कर दी गईं। 18 जून की रात करीब 1:30 बजे हुई इस घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने 19 जून को पोस्टमार्टम कराया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करंट लगने का उल्लेख ही नहीं किया गया। इससे आक्रोशित परिजनों और रेजिडेंट डॉक्टर्स ने मांग उठाई कि दोबारा निष्पक्ष पोस्टमार्टम कराया जाए। इसके बाद 21 जून को एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर से डॉक्टर बुलाकर दोबारा पोस्टमार्टम किया गया, जिसमें करंट लगने से शरीर में चोट के संकेत मिले। 22 जून को मृतक डॉक्टर के परिजनों ने हाथीपोल थाने में विधिवत एफआईआर दर्ज कराई और दोषी अफसरों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। रात करीब 11:15 बजे डॉ. रवि शर्मा का पार्थिव शरीर एमबी हॉस्पिटल की मोर्च्युरी से एंबुलेंस में उनके गृह नगर मकराना के लिए रवाना किया गया। सैकड़ों रेजिडेंट डॉक्टर्स और सहकर्मियों ने पुष्प वर्षा कर नम आंखों से साथी को अंतिम विदाई दी। डॉ. रवि शर्मा के चाचा जगदीश शर्मा ने बताया कि रवि बचपन से ही बेहद मेधावी छात्र था। कोटा में दो साल की तैयारी के बाद उसने दूसरे प्रयास में जोधपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश लिया। इसके बाद अजमेर के जेएलएन मेडिकल कॉलेज से एनेस्थिसीया में पीजी कर गोल्ड मैडल हासिल किया। डॉ. रवि शर्मा अपने परिवार के पहले डॉक्टर थे। पिता दिलीप शर्मा मकराना में साड़ी की दुकान हैं। छोटी बहन कोमल शर्मा है। दो छोटी बेटियां हैं, जिनमें एक डेढ़ साल की और दूसरी तीन साल की है। उनकी प्रेरणा से कजिन भाई डॉ. प्रशांत, डॉ. उज्जवल और डॉ. यश शर्मा ने भी चिकित्सा क्षेत्र को अपना करियर बनाया।

# तीर्थंकरों के जीवन की हर घटना आश्चर्यकारी : जैनाचार्य रत्नसेन सूरीश्वर महाराज




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर। जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वर महाराज आदि ठाणा-5 ने रविवार को श्री वासुपूज्य स्वामी जैन संघ, महावीर साधना एवं स्वाध्याय केन्द्र, अम्बामाता स्कीम में मंगल प्रवेश किया। आचार्य संघ का हिरणमगरी सेक्टर-11 से विहार कर यहां पहुंचने पर श्रद्धालुजनों ने भव्य स्वागत किया। कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने बताया कि प्रातः 9:30 बजे आयोजित धर्मसभा में प्रवचन देते हुए आचार्य रत्नसेन सूरीश्वर महाराज ने कहा कि तीर्थंकर परमात्मा इस सृष्टि के सर्वाधिक पुण्यशाली और अद्भुत दिव्य आत्मा होते हैं। उनके जीवन की प्रत्येक घटना आश्चर्यजनक एवं पुण्यवर्धक होती है। आचार्यश्री ने कहा कि जब तीर्थंकर माता के गर्भ में आते हैं, तब माता 14 महास्वप्न देखती हैं और 32 लाख देवता विमान लेकर आकर उन्हें प्रणाम करते हैं। उनका जन्म होते ही चारों दिशाओं में प्रकाश फैल जाता है। देवगण मेरु पर्वत पर भव्य जन्मोत्सव मनाते हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थंकर सुख-समृद्धि में जीवन जीने के बाद भी आत्मकल्याण के लिए जंगलों में कठोर तप कर केवलज्ञान प्राप्त करते हैं। समवशरण में धर्मदेशना के समय उनकी वाणी अर्थमागधी होते हुए भी प्रत्येक प्राणी को अपनी भाषा में समझ आती है। यहां तक कि जन्मजात वैरी पशु-पक्षी भी उनके समीप आपसी वैर भूलकर शांतिपूर्वक धर्मोपदेश सुनते हैं। धर्मसभा में कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया, समिति अध्यक्ष प्रकाशचंद कोठारी, महामंत्री फतेहसिंह मेहता, सचिव ललित धुप्या, संयोजक जितेंद्र धाकड़, जशवंतसिंह सुराणा, राकेश चेलावत, महेंद्र चपलोत सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में 210 रोगियों ने कराया परामर्श व जांच



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट,उदयपुर। श्री मेवाड़-वागड़ प्रान्तीय दिगम्बर जैन दसा नरसिंहपुरा महासभा महिला परिषद एवं पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, उमरड़ा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन हिरण मगरी सेक्टर-14 स्थित मेवाड़-वागड़ छात्रावास भवन में किया गया। महिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी देवी बोरा ने बताया कि शिविर की मुख्य अतिथि श्रीमती गुणमाला देवी भुलावत रहीं। शिविर में 210 रोगियों ने परामर्श एवं विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर संयोजिका रीटा जैन ने बताया कि यह शिविर समाज विशेष के लिए न होकर, सभी के लिए आयोजित किया गया था। शिविर सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष सिंघवी ने बताया कि हृदय रोग, अस्थि रोग, लीवर, पेट, स्त्री एवं प्रसूति, मस्तिष्क एवं स्नायु, चर्म रोग और दंत चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। प्रमुख चिकित्सकों में डॉ. महेश जैन, डॉ. लक्ष्मीनारायण मीणा, डॉ. साहिल परमार, डॉ. चारूलता पुर्बिया, डॉ. अजयपाल सिंह, डॉ. राजेश खोईवाल, डॉ. संजय जैन, डॉ. जगदीश चौधरी व डॉ. पुनीत जैन शामिल रहे। शिविर में डॉ. लवलीन गुप्ता, मेडिकल साइंटिस्ट, हैदराबाद ने प्रोजेक्टर के माध्यम से 'स्वस्थ जीवनशैली और जल चिकित्सा' विषय पर व्याख्यान दिया। महासभा अध्यक्ष लक्ष्मी लाल बोहरा ने सभी शिविरार्थियों व चिकित्सकों का स्वागत किया। महासभा महामंत्री कचरूलाल जैन ने मानव सेवा को सर्वोच्च सेवा बताते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की। महिला परिषद महामंत्री अनिता वणावत ने शिविर की समस्त तैयारियां कीं। सहयोगियों में मनीष आवोत, हितेष भंवरा, रविंद्र वोरा, कैलाशचंद्र हाथी का विशेष योगदान रहा। महिला सशक्तिकरण उद्यमी मंच का उद्घाटन रानू कंठालिया द्वारा किया गया। मंच की सक्रिय सदस्यों में प्रीतिबाला कंठालिया, भाविका पचौरी, मीना रत्नावल, सीमा लुणदिया, अलका कोठारी, ज्योति फांदोत, कुसुम कंठालिया, नीलम भावोत, साधना दलावत व अनीता वक्तावत मौजूद रहीं। शिविर में श्यामसुंदर कोठारी, शीतलकुमार डूंगरिया, रमेशचंद्र केरोत, डॉ. रितेश जैन, नेमीकुमार जैन, जनमेश, अल्पेश कीकावत, अभिषेक भावोत, महावीर लुठाडिया सहित समाज के अनेक सदस्य व महिला परिषद की पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# खाटू श्यामजी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे चलाएगा स्पेशल रेलसेवाएं, रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी और जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन





**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 23 जून। रेलवे द्वारा खाटू श्यामजी में आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा हेतु रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी एवं जयपुर-भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन आगामी जुलाई माह में किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार इन रेलसेवाओं का संचालन निम्नानुसार रहेगा—

## रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा

गाड़ी संख्या 09637, रेवाड़ी-रींगस स्पेशल रेलसेवा दिनांक 05.07.25, 06.07.25, 10.07.25, 12.07.25, 13.07.25, 19.07.25, 20.07.25, 21.07.25, 24.07.25, 26.07.25 व 27.07.25 को (कुल 11 ट्रिप) रेवाड़ी से प्रातः 11.45 बजे रवाना होकर दोपहर 14.45 बजे रींगस पहुंचेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 09638, रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा इन्हीं तिथियों को 15.05 बजे रींगस से रवाना होकर 18.20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में कुंड, काठूवास, अटेली, नारनौल, अमरपुर जोरासी, निजामपुर, डाबला, मांवड़ा, नीम का थाना, कांवट व श्रीमाधोपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में कुल 10 डिब्बे (08 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बे) रहेंगे।

## जयपुर-भिवानी जयपुर स्पेशल रेलसेवा

गाड़ी संख्या 09733, जयपुर-भिवानी स्पेशल रेलसेवा दिनांक 01.07.25 से 31.07.25 तक (31 ट्रिप) प्रतिदिन प्रातः 07.00 बजे जयपुर से रवाना होकर दोपहर 14.20 बजे भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09734, भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 01.07.25 से 31.07.25 तक (31 ट्रिप) संध्या 16.05 बजे भिवानी से रवाना होकर रात्रि 23.25 बजे जयपुर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में ढेहर का बालाजी, नींदर बैनाड, चौमू सामोद, गोविन्दगढ़ मलिकपुर, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, नीम का थाना, मांवड़ा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, कोसली, झाडली व चरखी दादरी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में कुल 11 डिब्बे (09 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बे) होंगे।

# राज्यपाल कटारिया को "संस्कृति रत्न" अलंकरण से नवाजा,संस्कार, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में पं. जनार्दन राय नागर का योगदान अविस्मरणीय : कटारिया




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 23 जून। राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) की ओर से सोमवार को प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में आयोजित भव्य समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक महामहिम गुलाबचंद कटारिया को मनीषी पंडित जनार्दन राय नागर संस्कृति रत्न अलंकरण समर्पण से सम्मानित किया गया। यह अलंकरण महामहिम को भारतीय जीवन मूल्यों, सांस्कृतिक और नैतिक दृढ़ता, शिक्षा व समाजसेवा में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप महामहिम को अशोक स्तंभ, भारत माता स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपये की नकद राशि भेंट की गई, जिसे कटारिया ने पुनः विद्यापीठ के विकास के लिए समर्पित कर दिया। समारोह का शुभारंभ व वक्तव्य समारोह का शुभारंभ महामहिम गुलाबचंद कटारिया, विद्यापीठ कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर, कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत तथा महावीर कोटा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में महामहिम कटारिया ने कहा कि पंडित जनार्दन राय नागर कोई सामान्य व्यक्ति नहीं थे, वे शिक्षा जगत में क्रांतिकारी विचारधारा के वाहक थे। उन्होंने शिक्षा को सेवा का माध्यम बनाकर समाज के अंतिम पंक्ति तक ज्ञान का उजियारा पहुँचाया। कटारिया ने कहा कि किसी असहाय की सहायता करना और अशिक्षित को शिक्षा देना ही सच्ची मानवसेवा है। उन्होंने कहा कि संस्कार युक्त व्यक्तित्व निर्माण और साक्षर पीढ़ी को स्वरूप देकर अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य जनुभाई ने जीवन पर्यंत किया। राष्ट्र भावना और असहाय की सहायता कर उनके विचारों को जीवंत बनाए रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कटारिया ने कहा कि वे स्वयं इस विद्यापीठ से शिक्षक, कार्यकर्ता और विद्यार्थी के रूप में जुड़े रहे हैं और यह सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत रूप से अत्यंत भावनात्मक है।

## प्रशस्ति पत्र वाचन और वक्ताओं के संबोधन

कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने प्रशस्ति पत्र वाचन में कहा कि संस्कृति और संस्कार ही जीवन के शाश्वत मूल्य हैं। हमारी संस्कृति में भौतिक और आध्यात्मिक का सुंदर समावेश है। पंडित जनार्दन राय नागर का दर्शन सामाजिकता व संस्कृति का समावेश है, जो नारी सशक्तिकरण, वंचितों को आगे लाने और शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने का जीवंत उदाहरण है। प्रो. कैलाश सोडाणी ने कहा कि महामहिम गुलाबचंद कटारिया जैसे व्यक्तित्व का सम्मान हम सभी के लिए गौरव का विषय है। वे लंबे समय से शिक्षाविद, समाजसेवी और राजनीतिज्ञ के रूप में समाज को दिशा दे रहे हैं। कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर ने कहा कि राजस्थान का सौभाग्य है कि गुलाबचंद कटारिया जैसे व्यक्तित्व को संस्कृति रत्न अलंकरण प्रदान कर विद्यापीठ ने अपनी परंपरा और मूल्यों को गौरवान्वित किया है।

## उपस्थित गणमान्यजन

इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, भाजपा नेता एवं समाजसेवी अतुल चण्डालिया, प्रो. रेणु राठौड़, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. कला मुणेत, डॉ. पारस जैन, डॉ. युवराज सिंह राठौड़, प्रो. आई.जे. माथुर, डॉ. हेमेन्द्र चौधरी, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, प्रो. गजेन्द्र माथुर, प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. अमी राठौड़ सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर, प्राध्यापकगण व शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. इंदु बाला आचार्य ने किया।

# साधु-भगवंतों की जिनवाणी पर चलने का संकल्प : राज्यपाल कटारिया




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। अखिल भारतवर्षीय श्री गुरु पुष्कर संगठन समिति के तत्वावधान में जीवदया प्रेमी, परम विदुषी साध्वी शील कंवर महाराज का संयम शताब्दी महोत्सव रविवार को विद्या निकेतन स्कूल, सेक्टर-4 में भव्य आयोजन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने श्रावक-श्राविकाओं को साधु-भगवंतों की जिनवाणी पर चलने की प्रेरणा दी। कटारिया ने कहा कि समाज को संगठित करने और धार्मिक जीवन मूल्यों की रक्षा में साधु-संतों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि साध्वी शील कंवर महाराज व पुष्कर मुनि महाराज जैसे संतों के सान्निध्य में जैन समाज एकजुटता का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन ने आयोजन समिति को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। साध्वी शील कंवर महाराज के संयम शताब्दी वर्ष पर 8 दशक से समाज सेवा में जुटे 30 दंपतियों को मेवाड़ी पगड़ी, माला, शॉल, उपरणा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साधु-साध्वियों का सान्निध्य समारोह में महाश्रमण गुरुदेव जिनेंद्र मुनि महाराज, ज्ञानयोगी प्रज्ञा महर्षि उपाध्याय पूज्य रमेश मुनि, दीपेश मुनि, रविंद्र मुनि नीरज, पंन्यास प्रवर निरागरत्न मुनि सहित अन्य साधु-साध्वियों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। सभी ने श्रावक-श्राविकाओं को संयम और जिनशासन के अनुरूप जीवन जीने का संदेश दिया। शील संयम स्मारिका का विमोचन समारोह में सीमा-ललित चोरडिया द्वारा 'शील संयम स्मारिका' का विमोचन किया गया। संगठन मंत्री श्याम झगड़ावत ने विगत वर्ष की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण व मंगलाचरण से हुई। ध्वजारोहण महामहिम कटारिया और दिलीप सुराणा ने किया। शील दरबार का अनावरण कन्हैयालाल मोदी और पुष्कर दरबार का अनावरण मानव भण्डारी व निखिल कावडिया ने किया। अध्यक्ष संजय भण्डारी ने स्वागत भाषण और संयम शताब्दी आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। आभार युवा अध्यक्ष प्रवीण पोरवाल ने व्यक्त किया। सभा में सुखलाल मादरेचा, दयालाल हिंगड़, हस्तीमल धोका, कुलदीप प्रियदर्शी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह में उदयपुर, सूरत, अहमदाबाद, मंदसौर, इंदौर सहित कई स्थानों से 400 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।